Bareilly, Saturday
9 May

BAREILLY EDITION

दैनिक जागरण

inext

PAGE NO. 07, MIDDLE

यूपीसीसीडीएस आईकॉन 9 और 10 मई को होगा

देश के नामचीन कार्डियो डायबिटोलॉजिस्ट भी रहेंगे

bareilly@inext.co.in

BAREILLY (8 May): एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज के जनरल मेडिसिन विभाग और क्लिनिको कार्डियो डायबिटीज सोसायटी ऑफ इंडिया यूपी चैप्टर की ओर से आयोजित और एसोसिएशन ऑफ फिजीशियन ऑफ इंडिया की बरेली शाखा (एपीआई) के सहयोग से दो दिवसीय कांफ्रेंस यूपीसीसीडीएसआईकोन का आयोजन 9 और 10 मई को किया जाएगा. इसमें देश के 50 से ज्यादा नामचीन कार्डियो डायबिटोलॉजिस्ट मधुमेह और उससे संबंधित अन्य बीमारियों के संबंध में व्याख्यान देंगे. जबकि 500 से ज्यादा डेलीगेट्स इस कांफ्रेंस में शामिल होंगे. यह जानकारी कांफ्रेंस की ऑर्गनाइजिंग सेक्रेटरी एवं एसआरएमएस मेडिकल कालेज स्थित मेडिसिन विभागाध्यक्ष प्रोफेसर (डॉ.) स्मिता गुप्ता ने दी.डॉ. स्मिता ने उन्होंने बताया कि एसजीपीजीआई लखनऊ के डायरेक्टर

पद्मश्री डॉ.आरके धीमन दो दिवसीय कांफ्रेंस में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे, जबकि रिसर्च सोसायटी फार स्टडी ऑफ डायबिटीज इन इंडिया के प्रेसिडेंट डा. अनुज महेश्वरी और क्लिनिको कार्डियो डायबिटीक सोसायटी ऑफ इंडिया के फाउंडर प्रेसिडेंट डा.एएन राय विशिष्ठ अतिथि के रूप में एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज पहुंचेंगे. शनिवार 9 मई सुबह नौ बजे से आरंभ होने वाली कांफ्रेंस का उद्घाटन दोपहर डेढ़ बजे होगा. 14 सत्रों के साथ होने वाली इस कांफ्रेंस का समापन रविवार दोपहर जिम्स नोएडा मेडिसिन विभागाध्यक्ष डॉ.सौरभ श्रीवास्तव के डायबिटिक फुट पर दिए,